भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2756

जिसका उत्तर 16.03.2023 को दिया जाना है

असम में एनएचएआई द्वारा निर्मित सड़क

2756. डॉ. राजदीप राय:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सिलचर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित असम राज्य में वर्ष 2019 से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा बनाई गई सड़कों/निर्माण कार्यों का ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस पर कितनी धनराशि का उपयोग किया गया; और

(ग) निरिमंगलों से जटिंगा तक चार लेन के एक्सप्रेसवे के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) असम में बोंगईगांव, नलबाड़ी, गुवाहाटी, नागांव, डबोका, माईबोंग , जटिंगा होकर होते हुए श्रीरामपुर (पश्चिम बंगाल/असम सीमा) से सिलचर तक लगभग 635.997 किमी की लंबाई वाली पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है। कुल 635.997 किलोमीटर लंबाई में से 586.487 किलोमीटर को चार लेन का बनाने का काम पूरा कर लिया गया है।

असम में 2019 से, एनएचएआई के अंतर्गत से कुल 23.34 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पूरे किए गए हैं।

(ख) एनएचएआई द्वारा असम राज्य में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यों पर 2019 से उपयोग की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	राशि (करोड़ रुपये में)
2019-20	179.580
2020-21	492.730
2021-22	111.820
2022-23 (अब तक)	209.000
कुल	**993.130**

(ग) नरीमबंगलो से जतिंगा खंड, नारीमबंगलो-जटिंगा-हरंगाजाओ से चार लेन की परियोजना का एक हिस्सा है, जो तीन साल की पूर्णता अवधि के साथ 16.01.2023 से शुरू हो चुका है।

*****